❖ सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए व उत्तर दीजिए |

	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर कविता के आधार पर दिए गए विकल्पों में से चयन करके दीजिए	
1	विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी, मरो, परंतु यों मरो कि याद जो करें सभी। हुई न यों सुमृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए, मारा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए। वही पशु- प्रवृति है कि आप आप ही चरे, वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।	
2-	चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए, विपत्ति,विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए। घटे न हेल-मेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी, अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी। तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे, वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।	
1	**प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने किससे नहीं डरने को कहा है?** जन्म से रात्रि से मृत्यु से भूल से	1
2	**प्रस्तुत काव्य पद के कवि का नाम बताइए |** भारतेंदु हरिश्चंद्र बालकृष्ण भट्ट राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त	1

LIVEWORKSHEETS

	बद्री नारायण चौधरी प्रेम घन	
3	**प्रस्तुत काव्य पद की केंद्रीय पंक्ति क्या है ?** चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए विचार लो कि मृत्यु हो न मृत्यु से डरो कभी वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे वही पशु प्रवृत्ति है कि आप आप ही करें	1
4	**पशु प्रवृत्ति क्या होती है ?** केवल अपने लिए चरे दूसरों के लिए छोड़ दें दूसरों से प्यार करें दूसरों के लिए जिए	1
5	**सुमृत्यु का क्या अर्थ है ?** बेकार मृत्यु सुंदर मृत्यु बुरी मृत्यु इनमें से कोई नहीं	1
6	**अभीष्ट मार्ग पर कवि किस प्रकार चलने के लिए कहता है ?** रोते हुए सहर्ष खेलते हुए दौड़ते हुए सोते हुए	1
7	कवि के अनुसार असली मनुष्य के लक्षण किसमें हैं ? वह मनुष्य जो केवल अपने बारे में सोचें वह मनुष्य जो दूसरे मनुष्य से दूर भागे वह मनुष्य जो दूसरे मनुष्य के लिए मरे और जिए वह मनुष्य जो दूसरे मनुष्य से घृणा करें	1
8	कवि किसको ढकेलते हुए आगे बढ़ने की बात करता है ? जीवन में आने वाले सुखों को जीवन में आने वाली समृद्धि को जीवन में आने वाली चुनौतियों और समस्याओं को जीवन में आने वाले व्यक्तियों को	1
9	आधुनिक युग का तुलसी किस कवि को माना जाता है ? भारतेंदु हरिश्चंद्र को	1

LIVEWORKSHEETS

	मैथिलीशरण गुप्त को बालकृष्ण भट्ट को बद्रीनारायण चौधरी प्रेमघन को	
10	चिरगांव को किस साहित्यकार का जन्म स्थल माना जाता है ? बालकृष्ण भट्ट का मैथिलीशरण गुप्त का भारतेंदु हरिश्चंद्र का महादेवी वर्मा का	1
	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चयन करके दीजिए | (रचना के आधार पर वाक्य)	
	(व्याकरण)	
1-	**दीपक जला और अंधेरा नष्ट हुआ |** क) संयुक्त ख) संकेत वाचक ग) विधान वाचक घ) मिश्र	1
2-	**जब तक तम जाओगे नहीं तब तक वह नहीं आएगा |** क) संयुक्त ख) सरल ग) मिश्रित घ) तीनों में से कोई नहीं	1
3-	**मुसीबत आ जाए तो भागना उचित नहीं |** क) संयुक्त	1

LIVEWORKSHEETS

	ख) सरल ग) मिश्र घ) आज्ञार्थक	
4-	**विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे।** क) इच्छा वाचक ख) सरल ग) मिश्रित घ) संयुक्त	1
5-	**जो कलम तुम्हारे पास है वह मेरी है |** क) मिश्रित ख) सरल ग) संयुक्त घ) विस्मयादिबोधक	1
6-	**मैंने उसे उठाया और खाना खिलाया |** क) सरल ख) संयुक्त ग) मिश्रित घ) आज्ञावाचक	1
7-	**उपवाक्य कितने प्रकार के होते हैं?**	1

LIVEWORKSHEETS

	क) तीन ख) चार ग) दो घ) पाँच	
8-	**'मैं जानती था कि सुमन जरूर नृत्य करेगी ' वाक्य में कौन उपवाक्य है?** क) विशेषण उपवाक्य ख) क्रिया-विशेषण उपवाक्य ग) सर्वनाम उपवाक्य घ) संज्ञा उपवाक्य	1
9-	**रचना या बनावट की दृष्टि से कौन वाक्य का भेद नहीं है?** क) सरल वाक्य ख) मिश्र वाक्य ग) समूह वाक्य घ) संयुक्त वाक्य	1
10-	**जब शाम हो तब लौट आना' सरल वाक्य में बदलिए।** क) शाम होते ही घर आ जाना ख) शाम में लौट आना ग) जैसे ही शाम हो वैसे ही लौट आना घ) उपर्युक्त कोई नहीं	1

LIVEWORKSHEETS